# साइबर ठगी के 16,675 रुपये पीड़ित के खाते में लौटे

संसू, जागरण • उतरौला (बलरामपुर) : पुलिस की तत्परता से साइबर ठगी के शिकार युवक को 16,675 रुपये वापस मिल गए। प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज ने बताया कि गांधीनगर के प्रियांशु ने शिकायत दर्ज कराई थी कि अज्ञात व्यक्ति ने लोन के नाम पर उससे तीन किश्तों में 16,675 रुपये की ठगी कर ली थी। साइबर हेल्पडेस्क ने कार्रवाई कर बैंक से समन्वय कर धनराशि होल्ड करा दी। फिर राशि पीड़ित के खाते में वापस करा दी गई।